तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025



प्रकाश पर्व पर नगर में निकली गुरु सिंह सभा की शोभायात्रा





**खबर संक्षेप**

### शराब के लिए मांगे पैसे नहीं देने पर पिटाई

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बदमाश प्रवृत्ति के दो युवकों ने एक युवक पर चाकू अड़ा कर शराब के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। युवक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मारपीट करने वाले दो आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर गैर जमानतीय धाराओं व आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। दरअसल पीड़ित अनुज तिर्की पिता कपिल तिर्की 43 वर्ष उर्दना रोड कृष्णापुर रायगढ़ का रहने वाला है और बाइक से नील बेचने का काम करता है। शनिवार की सुबह वह अपने वाहन से नील बेचने जा रहा था। तभी श्याम पेट्रोल पंप के पास दो युवकों ने आवाज देकर उसे रोका और उनमें से एक ने अपने पास रखे धारदार चाकू से डराते हुए शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। अनुज द्वारा पैसे न होने की बात कहने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे। आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से वह बच पाया। बाद में पूछताछ में दोनों आरोपियों की पहचान जवाहर नगर रामभाठा निवासी शैलेष मिंज और राहिल एक्का के रूप में हुई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस न आरोपियो के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को रामभाठा जवाहर नगर से गिरफ्तार कर थाना लाया। पूछताछ में दोनों ने स्प्रिंगदार बटनवाले चाकू से डराकर पैसे मांगने की बात स्वीकार की। आरोपी राहिल एक्का के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का स्प्रिंगदार धारदार चाकू बरामद किया गया। प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने समाजसेवा में विशेष योगदान देने वालों का सम्मान किया है। कार्यक्रम में ग्राम कोटवारों की बैठक के साथ-साथ क्षेत्र में अपने प्रेरणादायी कार्यों से समाज को दिशा देने वाले विशिष्ट नागरिकों और मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। थाना जूटमिल प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव व उप निरीक्षक गिरधारी साव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. सोमेश कुमार पाण्डेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिड़मिड़ा तथा कु मीनू साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर तरकेला शामिल थीं। शिक्षा क्षेत्र से खेमराम चौधरी व्याख्याता पीएम श्री सेजस स्कूल स्वामी आत्मयानंद हायर सेकेंडरी स्कूलद कोड़ातराई और श्रीमती तनुजा यादव व्याख्याता जीव विज्ञान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरकेला को सम्मानित किया गया। वहीं छात्र वर्ग में कु. सकीरा विश्वास, शाउमावि झलमला कक्षा 8वीं ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की और संभाग स्तरीय उंची कूद प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। किशन पटेल छात्र शाउमावि झलमला कक्षा 10वीं को संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस सहयोग के क्षेत्र में सुभाष अग्रवाल और डोलामणी चौहान एम्बुलेंस संचालक मिट्ठूमुड़ा रायगढ़ को उनके निःस्वार्थ सहयोग और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम सुरक्षा और जनसेवा में तत्पर सुरूती बाई महंत ग्राम कोटवार ग्राम पटेलपाली और रामदास मनिकपुरी ग्राम झांखर तरकेला को विशेष प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### हादसे में तीन की मौत के बाद पुलिस ने लड़की और उसे कार देने वाले व्यक्ति को भी बनाया आरोपी

# हिट एंड रन मामले में पुलिस लीपापोती नहीं आई काम, नाबालिग लड़की ही निकली कार चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिट एंड रन मामले में पुलिस की लीपापोती काम नहीं आई। हरिभूमि में लगातार खबर प्रकाशित के बाद आखिरकार पुलिस ने नाबालिग लड़की को आरोपी बनाया है। हमनें पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि कार लड़की ही चला रही थी, लेकिन तीन-चार दिनों तक पुलिस उसे बचाने का प्रयास करती रही। चौथे दिन पुलिस ने लड़की सहित उसे कार देने वाले व्यक्ति को आरोपी बनाया है और उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत कार्रवाई की गई है।

दरअसल गुरुवार की दोपहर कापू तरफ से आ रही कार ने खम्हार रोड, चाल्हा मोड़ के पास एक महिला सहित बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों में ललिता मिंज 35 वर्ष निवासी रामपुर, अमित किंडो 25 वर्ष निवासी सुगापानी मैनपाट और फकीर मोहन पटेल 33 वर्ष निवासी छोटे परसदा कनकबीरा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ शामिल हैं। घटना के बाद कार चालक व उसमें सवार लोग मौके से फरार हो गए थे। घटना के दिन ही हरिभूमि ने प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर उक्त खबर में वाहन किसी लड़की के चलाने का जिक्र किया था। इसके बाद भी पुलिस द्वारा लड़की को बचाने के लिए उसे छोड़ उसमें सवार युवकों को हिरासत में लिया गया। इसके बाद रविवार के अंक में हरिभूमि ने (तीन दिन बाद भी पुलिस तय नहीं कर पाई आरोपी आखिर किसे बनाएं!) शीर्षक से एक और खबहर प्रकाशित किया था। जिससे पुलिस की लीपापोती काम नहीं आई और चौथे दिन रविवार को पुलिस ने माना कि नाबालिग लड़की ही वाहन चला रही थी, ऐसे में उसे और नाबालिग को वाहन उपलब्ध कराने वाले घनश्याम महिलाने पिता अलख राम महिलाने 47 निवासी मिरीगुड़ा धरमजयगढ़ को आरोपी बनाया है।

#### सीसीटीवी फुटेज देख उड़ जाएंगे होश

इस घटना के अलग-अलग एंगल के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिसे देख लोगों के होश उड़ जाएंगे। फुटेज में साफ दिख रहा है कार की स्पीड किसी आंधी से कम नहीं है। वहीं फुटेज में यह भी दिख रहा है कि महिला सड़क किनारे खड़ी है और बाइक सवार सहायक मार्ग से मुख्य मार्ग की ओर पहुंचे ही हैं कि कार ने तीनों को हवा में उड़ा दिया है।

#### ऑडियो क्लीप में युवक स्वीकार रहा जुर्म

इस घटना के बाद सोशल मीडिया में एक ऑडियो क्लीप भी वायरल होने की जानकारी मिली है। इसमें दो युवक आपस में बात कर रहे हैं। जिसमें एक युवक कह रहा है कि वही कार चला रहा था। हालांकि हरिभूमि इस ऑडियो क्लीप की पुष्टि नहीं करता है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि पुलिस की थ्योरी सही है या ऑडियो क्लीप में हो रही चर्चा।

#### धारा में किया गया परिवर्तन

घटना के बाद पुलिस ने मामले में धारा 106 (1) बीएनएस व 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। धारा 106 (1) बीएनएस में 5 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वहीं अब इसमें धारा 105 बीएनएस (गैर इरादतन हत्या) मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199 ए, 3/181, 4/181 जोड़ी गई है। धारा 105 बीएनएस में आजीवन कारावास या 5 से 10 वर्ष तक कारावास व जुर्माने का प्रावधान है, जोकि पहले के धारा की तुलना ज्यादा प्रभावशील है।

## सांसद ने किया सारंगढ़ में जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ के खेलभाठा मैदान में आयोजित रजत जयंती के जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर सबसे पहले मुख्य अतिथि रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सभी विभाग से उनके स्टॉल के संबंध में जानकारी लिया।

सांसद राठिया ने पंचायत, स्वास्थ्य, कृषि, पशुधन, उद्यानिकी, उच्च शिक्षा, क्रेडा, श्रम, समाज कल्याण, जल संसाधन, रेशम उद्योग, खाद्य, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनसंपर्क, पुलिस, महिला एवं बाल विकास आदि विभाग का अवलोकन किया। सांसद राठिया ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में गर्भवती महिलाओं को पुरस्कार और शिशु का अन्न प्रासन्न कराया। इसके साथ ही राठिया ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के सेल्फी जोन में सेल्फी ली। इसी प्रकार कम उम्र में विवाह रोकथाम अभियान में उन्होंने हस्ताक्षर किए। मुख्य अतिथि राठिया ने देवगुड़ी में पूजा और मांदर की थाप हाथों में लिया। मुख्य अतिथि सांसद राठिया ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के पंडाल में स्थापित देवगुड़ी मंदिर का पूजा अर्चना किया। साथ ही जशपुरिया नर्तक दल के मांदर को अपने हाथों से बजाकर नर्तक दल के साथ राज्योत्सव की खुशी को दोगुना किए। मुख्य अतिथि सांसद राठिया, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राज्योत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अन्य अतिथि एवं अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे ग्रामीण और शहरी उपस्थित थे।

## महिला शक्ति के संकल्प से ग्राम पंचायत दर्रामुड़ा, गुड़गहन हुआ नशा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- अवैध शराब पर रोकथाम की मुहिम अब लेने लगी जनआंदोलन का

अवैध शराब पर रोकथाम की मुहिम अब जनआंदोलन का रूप लेने लगी है। थाना जूटमिल क्षेत्र के ग्राम पंचायत दर्रामुड़ा का गांव गुड़गहन डीपापारा ने अपने सामूहिक प्रयास और महिला शक्ति की अगुवाई में नशा मुक्त गांव बनकर एक मिसाल कायम की है। इस सराहनीय पहल के लिए थाना जूटमिल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने महिला समूह की सदस्यों और ग्राम सरपंच क्षितेश्वर गुप्ता को सम्मानित किया है।

जूटमिल पुलिस द्वारा लगातार गांव-गांव में चौपाल लगाकर लोगों को अवैध शराब के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा था। इसी क्रम में दर्रामुड़ा में निरीक्षक प्रशांत राव, उप निरीक्षक गिरधारी साव और स्टाफ ने जनचौपाल में ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर नशे से मुक्त वातावरण बनाएं। पुलिस की समझाइश का गहरा असर हुआ और गांव की महिलाओं ने एक स्वर में शराबबंदी का संकल्प लिया। जिसमें ग्राम सरपंच क्षितेश्वर गुप्ता ने विशेष रूचि के साथ पुरूषों को भी जोड़ा।



#### यह उदाहरण पूरे जिले के लिए है प्रेरणा

थाना जूटमिल में आयोजित सम्मान समारोह में निरीक्षक प्रशांत राव ने महिला समूह की सदस्यों और सरपंच का अभिनंदन करते हुए कहा कि दर्रामुड़ा का यह उदाहरण पूरे जिले के लिए प्रेरणा है। थाना प्रभारी ने कहा कि अपराध का बड़ा कारण शराब है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन, मार्गदर्शन में महिला शक्ति के सहयोग से अब अन्य गांवों में भी इसी प्रकार अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मुहिम जारी रहेगी।

#### निगरानी समूह का किया गठन

देखते ही देखते गांव की 49 महिलाएं और 35 पुरूषों ने मिलकर महिला निगरानी समूह का गठन कर लिया और प्रतिदिन टॉर्च, डंडा लेकर रात्रि गश्त प्रारंभ कर दी। गश्त के लिए बकायदा गांव में महिला-पुरूष की 12 टीमें बनी हैं और इनका रोस्टर भी बनाया गया है कि किस दिन कौन गश्त करेगा। महिलाओं के साहस और निगरानी से गांव में अवैध शराब बनाना, बेचना और पीना पूरी तरह बंद हो गया है। यहां तक कि अब गांव में कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से शराब पीने की हिम्मत तक नहीं करता है। समूह की महिलाएं न केवल नशे के खिलाफ पहरेदारी कर रही हैं, बल्कि गांव में किसी घर में विवाद की स्थिति बनने पर भी वहां पहुंचकर आपसी सुलह करा रही हैं।

#### शराब बनाने वालों की नहीं ली जाएगी जमानत

सरपंच क्षितेश्वर गुप्ता ने बताया कि पूर्व में गांव के दो व्यक्तियों को अवैध शराब बनाते हुए पकड़ा गया था, जिन पर कार्रवाई कर पुलिस ने जेल भेजा। ग्रामसभा में यह निर्णय भी लिया गया कि उनकी जमानत नहीं ली जाएगी। दर्रामुड़ा में शराबबंदी से सामाजिक माहौल पूरी तरह बदल गया है। गांव में अब शांति, सौहार्द और एकता का वातावरण है। इस प्रेरक पहल से प्रभावित होकर पड़ोसी ग्राम डूमरपाली के सरपंच ने भी अपने गांव में महिला समूह बनाकर इसी तरह की रात्रि पेट्रोलिंग शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने हमालपारा से ट्रैक्टर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी हुए ट्रैक्टर व घटना में प्रयुक्त बाइक को जप्त किया गया है, वहीं तीनों को रिमांड पर भेज दिया गया है।

दरअसल सौरभ अग्रवाल पिता श्यामसुंदर अग्रवाल निवासी हमालपारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके पास महिन्द्रा ट्रैक्टर को 29 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे घर के बाहर से किसी ने पार कर दिया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर क्षेत्र के कुछ युवकों से पूछताछ की। पूछताछ में तीन युवकों ने अपराध करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में विकम कसेर पिता राधेश्याम कसेर 24 वर्ष निवासी लालाधुर्वा गुडेली थाना सारंगढ़, हाल मुकाम टेमटेमा थाना खरसिया, रामप्रसाद सारथी पिता श्यामलाल सारथी 22 वर्ष निवासी तरेकेला थाना छाल व कपूर कुमार केरकेट्टा पिता झगरू केरकेट्टा 31 वर्ष निवासी कुडेकेला थाना छाल शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 29 अक्टूबर की रात मिलकर प्रार्थी के घर के पास खड़े ट्रैक्टर को चोरी किया था। आरोपी विकम कसेर ने बताया कि वे घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर साथियों के साथ पहुंचे थे। ट्रैक्टर चोरी करने के बाद उसे मंगलबाजार के पास झाड़ी में छुपा दिया गया था।

## लक्ष्मीपुर में गांजा बेचती महिला गिरफ्तार, 3 किलो गांजा जब्त

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शहर के लक्ष्मीपुर क्षेत्र में एक महिला आरोपी को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 3 किलो गांजा कीमती 36 हजार रुपए व एक मोबाइल को जप्त किया गया है। वहीं उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मीपुर निवासी आशा सोनी पति गोविंद सोनी 32 वर्ष अपने घर के अंदर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रही है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस की टीम ने महिला के मकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान महिला के घर के अंदर से एक-एक किलोग्राम के तीन पैकेट, कुल 3 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 36 हजार रुपए है। आरोपिया आशा सोनी ने पूछताछ में बताया कि उसे यह गांजा बिक्री के लिए उसके एक परिचित व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराया गया था, जिससे वह मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क करती थी। पुलिस ने आरोपी महिला से अपराध में प्रयुक्त फोन को भी जप्त किया है।



### ठेकेदार ने किया था मापदंड को दरकिनार, अब क्षमता से अधिक लोड वाहन चलने और जाम पानी का हवाला

# एक करोड़ में बनी एक किमी सड़क, चलने लायक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- पीडब्ल्यूडी ने दिया करीब 600 मीटर सड़क का दोबारा निर्माण का निर्देश



एक करोड़ में एक किमी सड़क का निर्माण हो और वह 5 महीने भी न चले तो समझ लिजिए ठेकेदार काम किस तरह से किया होगा। यह मसला दूसरे प्रांत का नहीं बल्कि कोडतराई- पुसौर पहुंच मार्ग का है। पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 8.71 करोड़ की लागत से 8.30 किमी रोड का निर्माण कराया गया था। इसका उद्घाटन सीएम ने बीते 27 मई को किया था, लेकिन अब यह सड़क चलने लायक भी नहीं है। गड्ढे इतने बड़े-बड़े हो गए हैं कि चार पहिया वाहन तो दूर दो पहिया भी मुश्किल से जा पाती है।

बीते सितंबर में पीडब्ल्यूडी के ईई ने इस रोड का जायजा लिया था, जर्जर देखकर ठेकेदार को करीब 600 मीटर सड़क को दोबारा बनाने कहा था। हालांकि अब तक इस निर्माण शुरु नहीं हो सका है। दिलचस्प बात यह है कि ईई द्वारा जायजा लेने के बाद सड़क में जाम पानी और क्षमता से ज्यादा लोड वाहन चलने का हवाला देकर खराब होने की बात कही। ऐसे ठेकेदार की मनमानी पर विभाग ने ध्यान कैसे नहीं दिया यह सवाल उठ रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कोड़ातराई-पुसौर सड़क का निर्माण किया था। इसका ठेका खरसिया के किसी के ठेकेदार को मिला था। 8.71 करोड़ की लागत से 8.30 किमी रोड का निर्माण किया गया था। 27 मई को सीएम ने इस सडक़ का लोकार्पण किया था। मतलब एक किमी की डामर रोड एक करोड़ से ज्यादा लागत से बनाया गया है। पांच महीने बाद कोई भी इस रोड से गुजरे तो उसे यकीन नहीं होगा कि हाल ही में इसका लोकार्पण किया गया है। पांच साल की परफॉरमेंस गारंटी अवधि होती है, जिसमें सडक़ खराब होने पर मरम्मत ठेकेदार को ही करना है, लेकिन इस रोड में पांच महीने में ही मरम्मत की नौबत आ गई। खास बात यह है कि कोड़ातराई चौक पर तो गिट्टी के अलावा कुछ नजर नहीं आता। रोड पर डामर की परत बची ही नहीं है। इसके बाद सूरजगढ़ तक रोड कई जगहों पर धंसी है, उखड़ी है, बिखरी है, टूटी है। डामर की परत बजरी के बुरादे में बदल चुकी है।

#### सवाल, इतनी जल्दी सड़क खराब हुई कैसे

पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदार पर सख्ती करते हुए खराब हुए स्पॉट में रोड को दोबारा उखाडक़र बनाने का आदेश दिया है, अब ठेकेदार मरम्मत भी करेगा, लेकिन एक करोड़ की लागत से निर्मित एक किमी सड़क पांच महीने भी कैसे नहीं चली। प्रति किमी एक करोड़ की राशि मंजूरी की गई है। इसके बाद भी सडक़ अच्छी नहीं बनी तो लोग सवाल उठाएंगे ही।

#### कुछ जगहों पर तो सड़क नजर ही नहीं आती

कोंड़ातराई से पुसौर के बीच कई जगह ऐसे हैं, जहां रोड नजर ही नहीं आती है। ऐसा लगता है जैसे कभी यहां रोड बनी ही नहीं थी। इसी तरह पुसौर के बीच में कई जगहों पर रोड टूटकर बिखर चुकी है। सड़क पर डामर नजर ही नहीं आता है। पुसौर के आगे भी कई स्थानों पर रोड का टूटना शुरू हो चुका है। इससे लोगों को चलने में काफी दिक्कत हो रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल खरसिया के ग्राम दर्रामुड़ा निवासी मोहन केंवट 55, उसका बेटा श्यामलाल केंवट 35 और साथी उसत राम 55 तीनों सुबह करीब 10 बजे कोतासुरा वैद्य के पास इलाज कराने बाइक से जा रहे थे। तीनों जैसे ही तिलगी मोड़ के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही ट्रैक्टर के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार और ट्रैक्टर दोनों सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने अस्पताल परिसर व घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर एवं ग्राम सुन्दरपुर स्थित एक घर सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम असोला निवासी बृजलाल आ. दुर्बल पैकरा (36 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 6337 से आया था। युवक बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर वार्ड में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने चला गया। भोजन पहुंचाने के बाद घर जाने के लिए बाइक लेने पार्किंग में गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम सुन्दरपुर चिटकीपारा निवासी गुड्डू बेक आ. बाबूलाल बेक (35 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 3882 को घर के आंगन में खड़ा किया था। रात लगभग 8.30 बजे बाइक को घर के अंदर करने के लिए बाहर निकला तो देखा बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**प्रतापपुर।** अस्पताल में मरीज को खाना पहुंचा कर घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मायापुर निवासी रामप्रसाद व शुस कुमार बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5539 से प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती मरीज को भोजन पहुंचाने गए थे। भोजन पहुंचाने के बाद दोनों बाइक से घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार अमनदोन सरईदोहर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा चंदौरा की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी जेके 01 एएस 3323 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायलों को प्रतापपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने राम प्रसाद को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल शुस कुमार का उपचार जारी है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** चखना सेंटर संचालक व अन्य पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर की दोपहर करीबन 3 बजे बिर्रा देशी मदिरा दुकान के पास चखना सेंटर में विक्रम चंद्रा अपने दोस्तो के साथ बैठकर शराब पी रहा था। विक्रम के एक साथी ने वही पर उल्टी कर दी। इसे देखकर चखना सेंटर संचालक अमन साहू के द्वारा दूर जाने की बात कही गई। इस पर बिक्रम तैश में आ गया और गाली गलौज करते हुए हत्या करने की नियत से कांच के बीयर को तोड़कर उस पर हमला कर दिया। इस बीच राजेन्द्र प्रसाद और लोचन प्रसाद भारद्वाज के द्वारा बीच बचाव किए जाने पर धारदार कांच के बीयर बाटल से उन पर भी हमला किया गया। इससे राजेन्द्र प्रसाद के दाहिना हाथ के कलाई व सिर में तथा लोचन प्रसाद भारद्वाज को गले में गंभीर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी विक्रम चंद्रा भागने की फिराक में था जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

भजन संध्या में झूमे भक्त, उत्साह से मनाया गया भगवान श्याम का जन्मोत्सव

# इत्र वर्षा कर सजाया गया बाबा का दरबार, लगाए गए 56 भोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कॉलेज रोड स्थित साबुन फैक्ट्री जशपुर में श्री श्याम बाबा का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। "हारे के सहारे श्याम हमारे" के गगनभेदी जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। श्याम भक्त भक्ति में डूबे रहे।

जन्मोत्सव का यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव रहा बल्कि जशपुर की आस्था का एक जीवंत प्रतीक भी बना। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक संदीप शर्मा और गीतिका शर्मा ने भजन- "श्याम तेरी बंसी पुकारे...की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस भजन के शुरू होते ही सैकड़ों श्रद्धालु झूम उठे। भजन-ले लो मेरे श्याम का नाम.., "जी ले बाबा के नाम से...की प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिभाव की लहर दौड़ गई। पूरे परिसर में भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा। किसी की आंखों में अश्रु थे तो किसी के होंठों पर आभार का मुस्कान दिखा। श्याम प्रेमियों ने दीप जलाकर बाबा से नगरवासियों की समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण और बाबा के नाम संकीर्तन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव की शुभकामनाएं दीं। श्याम प्रेमियों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सहयोग और एकता का संदेश देना है।

### श्याम रसोई में लोगों ने लिया प्रसाद

जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम को 56 भोग लगाए गए। जिसमें मालपुआ, पंचमेवा, कचौरी, खीर, हलवा, लड्डू और अन्य पारंपरिक व्यंजन शामिल रहा। भोग अर्पण के बाद आयोजित इत्र वर्षा ने भक्तों को मोहित कर दिया। गुलाब और चंदन की सुगंध से पूरा परिसर महक उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्याम रसोई में प्रसाद ग्रहण किया। श्याम प्रेमियों द्वारा संचालित इस रसोई में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद पाया।

### महाआरती ने बांधा भक्ति का समां

रात्रि में बाबा की महाआरती भव्यता और श्रद्धा की प्रतीक रही। दीपों की लौ और भजनों की गूंज ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। भक्तों ने आरती में भाग लेकर अपने जीवन में श्याम कृपा की कामना की। मंदिर प्रांगण में हजारों दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इससे पूरा परिशन रौशनी से जगमगाने लगा। चारों ओर सिर्फ एक ही स्वर "श्याम तेरी लीला निराली रे गूंज रहा था।"



## बच्चों ने दी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुति

**जशपुर।** देव पब्लिक स्कूल एवं डी.पी.एस. प्राइमरी बालाजी जशपुर में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- देव पब्लिक स्कूल व डी.पी.एस. में मनाया गया छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस

विद्यालय परिवार ने "जय जोहार छत्तीसगढ़" के नारों के साथ राज्य के गौरव और एकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। छोटे-छोटे बच्चों ने "सुआ नृत्य", "पंथी नृत्य" और "राउत नाचा" की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

**छत्तीसगढ़ का निर्माण जन आकांक्षाओं का परिणाम:** विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिंहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण जन-आकांक्षाओं का परिणाम है। आज यह राज्य शिक्षा, कृषि, उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे पढ़-लिखकर राज्य के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता बनें। अंत में शिक्षकों ने सामूहिक राज्यभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस प्रकार देव पब्लिक स्कूल एवं डी.पी.एस. प्राइमरी बालाजी जशपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के इस समारोह में शिक्षा, संस्कृति और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर सुनीता सिंहा, उप एकेडमिक प्राचार्य मालविका देगवेकर, उप प्राचार्य एरिक सोरेंग सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## हितग्राहियों को मिली पीएम आवास की चाबी



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले के 13 हजार हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया।पीएम आवास योजना ग्रामीण ने ऐसे परिवारों के जीवन में आशा की एक नई किरण जगाई है जिनके स्वयं का सपना महज एक सपना ही रह गया था।

- ग्रामीणों के जीवन में जगी आशा की एक नई किरण

शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना ने जशपुर जिले के हजारों जरूरतमंद परिवारों के सपनो को पंख देकर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया है। लंबे समय से अपने आवास की प्रतीक्षा कर रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के 13 हजार हितग्राहियों के महागृह प्रवेश का सिलसिला शनिवार एक नवंबर को राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू हो गया है। आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। पीएम आवास का निर्माण बीते 2 वर्षों में तेजी से हुआ है। अधूरे पड़े आवासों को सबसे पहले पूरा करने का कार्य राज्य शासन से मिली हुई धन राशि से शुरू किया गया। जिले में कुल 13 हजार लाभार्थियों ने अपने नए मकान में गृह प्रवेश किया। कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि इनमें से कई परिवार वर्षों से कच्ची झोपड़ी नुमा घरों में रह रहे थे जहां बरसात और गर्मी के मौसम में रहना मुश्किल हो जाता था नई पक्की आवासीय संरचना मिलने के बाद उनकी जिंदगी में स्थायित्व और सुरक्षा का नया अध्याय शुरू हुआ है।

### प्रभावी योजनाओं में से है एक : सीईओ

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार की सबसे प्रभावी योजनाओं में से एक है। आज जिन परिवारों को नया आवास मिला है, उनके जीवन में सुरक्षा और सम्मान का नया अध्याय शुरू हुआ है। यह आवास केवल दीवारें नहीं बल्कि सब उनके सपनों का आकार है। प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। आगे भी हमारा यही प्रयास रहेगा कि कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सभी ग्राम पंचायत के नवनिर्मित घरों में पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया तथा फीता काटकर खुशियों की चाबियां सौंपी गई। वहीं हितग्राहियों को राशन कार्ड, गैस कनेक्शन, शौचालय ,आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन आदि सुविधाओं का भी लाभ मिल रहा है ।

### कोचियों के चार ठिकानों से जब्त किया गया 2320 बोरी अवैध धान

**अम्बिकापुर।** सीमावर्ती राज्यों से कोचियों द्वारा समितियों में खपाने के उद्देश्य से जगह-जगह भण्डारित किए गए धान को प्रशासन की टीम जब्त कर रही है साथ ही पूरी रात अधिकारी विभिन्न मार्गों की चौकसी कर यूपी एवं झारखण्ड से अवैध धान परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ रहे हैं इसके बावजूद कोचियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। कोचिए मुख्य मार्गों के साथ ही जंगल के रास्ते मध्यरात्रि में अवैध धान मंगाकर जगह-जगह भण्डारित कर रहे हैं। कोचियों द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर पड़ोसी राज्यों का धान भंडारित करने की सूचना पर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर 2320 बोरी अवैध धान को जब्त किया। एसडीएम श्री नेताम को ग्राम गम्हरिया, विजय नगर एवं चाकी में कोचियों द्वारा भारी मात्रा में धान भंडारित करने की सूचना मिली थी।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर मनाया जा रहा रजत जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में रजत जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

- जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

इसी क्रम में जशपुर जिला मुख्यालय के र ण जी ता स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई गई, जो आकर्षण की केंद्र बनी रही।

प्रदर्शनी में विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी नगरवासियों, ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को दी गई। साथ ही जनमन पत्रिका, सुशासन तिहार 2025 पत्रिका, जशपुर जम्बूरी 2025 एवं जशपुर किसान कॉल सेंटर की पत्रिका व ब्रोशर का वितरण किया गया। जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता की झलक प्रस्तुत की गई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित परिवारों की सफलता, कथा, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही महिलाओं की प्रेरक कहानियां, पीएम जनमन योजना से लाभान्वित पहाड़ी कोरवा परिवारों के अनुभव, जशप्योर ब्रांड के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों की पहचान तथा मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान आदि प्रमुख रहा।



### इन्होंने किया अवलोकन

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी योगेश भगत, आम नागरिकों में लखेश कुर्रे, मंजू बाई, सुनीता देवी, शकुंतला नेताम, हीरामनी, मीना भगत, पार्वती, पिंकी सिंह, आशा कुजूर सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल आज करेंगे राज्योत्सव का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और रजत महोत्सव के अवसर पर रणजीता स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर को तीन दिवसीय कार्यकम का आयोजन किया गया है। सोमवार 3 नवंबर को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। रणजीता स्टेडियम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, मछली पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, परिवहन विभाग, जल संसाधन विभाग, रेशम विभाग, राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, जशप्योर, मिलेट कैफे, खेल व पर्यटन विभाग, आयुष विभाग, कौशल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन से संबंधित विकास प्रदर्शनी लगाई गई है।

## शहर में सक्रिय अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

**राउरकेला।** राउरकेला के सेक्टर 07 की पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने चांदी के गहने, नकदी और चोरी में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है।

शिकायतकर्ता सेक्टर 7 ए 90 निवासी कैलाश चंद्र नाइक 35 पुलिस को लिखित रिपोर्ट में बताया कि 8 अगस्त की सुबह अपनी पत्नी रेनुका अमात को बिसरा चौक में छोड़ने के बाद जब वे शाम को घर लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर अलमारी का लॉकर टूटा हुआ पाया गया और दो सोने की चेन, दो जोड़ी सोने की बाली, दो सोने की अंगूठी, एक सोने का लॉकेट, दो जोड़ी सोने की पोला, एक मंगलसूत्र, सात जोड़ी चांदी की पायल, तीन चांदी की चेन, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया, एक सोने का नथ फूल, एक कलाई घड़ी और 8000 रुपए नकद गायब थे। पड़ोसियों ने बताया कि दिन में दो अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहे थे और एक नीली कार भी आसपास मंडरा रही थी। पुलिस जांच में झारखंड के जमशेदपुर के राम नगर निवासी शंभू कुमार सिंह 45 और गोल मूरी निवासी अंकित राज कुमार 21 को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार की और चोरी के गहने बरामद कराए। दोनों आरोपी राउरकेला, टेल्को, गोलमुरी, सतरामदेवरा, बागबेड़ा और बांगरीपोशी थानों में दर्ज कई चोरी के मामलों में भी वांछित हैं। सेक्टर सात थाना में डीएसपी जोगेश पंडा व थाना प्रभारी आर एन पात्र ने शनिवार की शाम प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच जारी है।

### बीरमित्रपुर में तुलसी विवाह व शालिग्राम पूजन, गाजे बाजे के साथ निकली भगवान की बारात

**बीरमित्रपुर।** स्थानीय मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला में शनिवार को भक्तिभाव और उल्लास के बीच तुलसी विवाह एवं शालिग्राम पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में 16 दंपतियों ने एक समान वेशभूषा धारण कर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना में भाग लिया। पंडित दिनेश शुक्ल के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन और हवन संपन्न हुआ, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास से इस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भगवान की बारात गाजे बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु नाचते गाते शामिल हुए। वातावरण आतिशबाजी और पटाखों की रोशनी से जगमगा उठा। अंत में प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

## भ्रष्टाचार निरोधक जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**राउरकेला।** शहर में इस वर्ष 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक भ्रष्टाचार निरोधक जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इसी क्रम में जिला प्रशासन और भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय आईटीडी सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय था भष्टचार निवारण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी।

कार्यक्रम में पश्चिमांचल के पुलिस उपमहानिरीक्षक ब्रिजेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज से भ्रष्टाचार मिटाने के लिए सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे बढ़कर ईमानदारी और पारदर्शिता की संस्कृति को अपनाएं, क्योंकि भ्रष्टाचार को समाप्त किए बिना समाज और देश की प्रगति संभव नहीं। मुख्य वक्ता के रूप में म्यूनिसपल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्राध्यापक संजय कुमार महापात्र ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य में ईमानदारी और निष्ठा बनाए रखनी चाहिए तथा मानसिकता में परिवर्तन लाना ही असली सुधार है। इस अवसर पर स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए क्विज़, वाद विवाद और चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सुबह नगर निगम कार्यालय से आईटीडी, तक एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसमें पानपोष खेल छात्रावास के विद्यार्थी, नगर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारी, स्वसहायता समूह की महिलाएं और आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिरिक्त उप जिलाधीश चांदिनी, डिप्टी कलेक्टर निवेदिता प्रधान सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, राउरकेला के पुलिस अधीक्षक प्रद्युम्न कुमार द्विवेदी ने स्वागत भाषण दिया और सभी को भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाई।

शव को जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली पुलिस ने पुराना नगर के तुरीटोंगरी क्षेत्र में हुई एक अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा कर एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी अब भी फरार है। जिनकी पुलिस ने पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामला 18 अक्टूबर का है, जब तुरीटोंगरी के जंगल में एक अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। शव की हालत ऐसी थी कि पहचान मुश्किल हो रही थी। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका पर पुलिस ने बी.एन.एस. की धारा 103(1) और 238(क) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। तकनीकी टीम और मुखबिरों की सक्रियता से मृतक की पहचान सीटोंगा निवासी सीमित खाखा 28 वर्ष के रूप में हुई। वह कुछ दिनों पूर्व अपने गांव के ही कुछ युवकों के साथ मजदूरी के लिए हजारीबाग झारखंड गया था।



**हत्या में प्रयुक्त चाकू, रॉड, कपड़े जब्त:** पुलिस ने आरोपियों के बयान के आधार पर हत्या की डमी पुनरावृत्ति कराई। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, लोहे की रॉड और घटना के समय पहने कपड़े जब्त कर लिया है।

**दो फरार आरोपियों की खोजबीन जारी:** मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस ने उन्हें चिन्हित कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। वयस्क आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है, जबकि बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

**प्रोफेशनल अंदाज में सुलझाई गुत्थी:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस ने अत्यंत प्रोफेशनल तरीके से अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है, उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### कमीशन विवाद बना हत्या का कारण

पूछताछ में खुलासा हुआ कि सीमित खाखा और आरोपियों के बीच हजारीबाग में हुए काम के दौरान कमीशन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। 17 अक्टूबर की शाम सभी आरोपी और मृतक बांकीटोली पुलिया के पास स्थित श्मशान घाट पर शराब पी रहे थे, तभी विवाद बढ़ा और आपसी झगड़ा मारपीट में बदल गया। इस दौरान आरोपी वीरेन्द्र राम ने अपने पास रखे लोहे की रॉड से सीमित के सिर तो रामजीत राम ने चाकू से सीने में वार कर दिया। इससे सीमित की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने शव को पुराना नगर के तुरीटोंगरी क्षेत्र के गड्ढे में फेंक दिया। पहचान मिटाने के उद्देश्य से उन्होंने रात में पेट्रोल डालकर शव को जलाने की कोशिश की ताकि घटना को छिपाया जा सके।

## निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर को प्रारंभ कर 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के प्रावधान के तहत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार के संबंध में नियोजित अधिकारी, कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे। उक्त अवधि में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे संभागायुक्त (रोल आब्जर्वर), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी तथा उक्त कार्य में लगे अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण उक्त पुनरीक्षण कार्य की अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के बिना अनुमति व सहमति से नहीं किए जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित है।



# नेटफ्लिक्स पर दिखाई देगी कपूर खानदान की विरासत

**मुंबई।** बॉलीवुड सिनेमा के सबसे चर्चित परिवारों में शामिल, कपूर खानदान की विरासत अब हर किसी की आंखों के सामने होगी। नेटफ्लिक्स पर 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी कर दी गई है। निर्माताओं ने 31 अक्टूबर को आगामी डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर जारी किया है, जिसमें रणधीर कपूर, बबीता कपूर, नीतू कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर और रणबीर कपूर समेत, परिवार के सभी सदस्यों को देखा जा सकता है। आइए जानते हैं 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख। नेटफ्लिक्स ने कपूर खानदान पर बनी डॉक्यूमेंट्री, 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी करते हुए लिखा, 'कपूर खानदान का लंच इनवाइट आ गया है, और आप भी आमंत्रित हैं।

लाइफ Style



# भूमि

## 'महाकाली' बनकर फिल्म में दिखाएंगी रौद्र रूप

मशहूर फिल्म निर्देशक प्रशांत वर्मा ने 'हनुमान' और 'मिराई' जैसी बेहतरीन फिल्मों से अभिनेता तेजा सज्जा को, सुपरहीरों के रूप में पेश किया था। अब वह अपनी अगली महिला सुपरहीरो फिल्म 'महाकाली' को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, जिसमें मुख्य किरदार भूमि शेट्टी निभा रही हैं। निर्माताओं ने शुक्राचार्य के रूप में अक्षय खन्ना की झलक दिखाने के बाद, नायिका भूमि के चेहरे से पर्दा उठा दिया है। 'महाकाली' से चर्चा बटोर रहीं भूमि का असली नाम, भूमिका शेट्टी है, जो कर्नाटक के करावली में स्थित कुंडापुरा की रहने वाली हैं। वह पेशे से अभिनेत्री हैं, जिन्हें तेलुगु सीरीज 'निन्ने पेल्लादथा' और कन्नड़ सीरीज 'किन्नारी' में देखा गया है। साल 2021 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'इक्कत' से सिनेमा में कदम रखा था। आखिरी बार उन्हें विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' में देखा गया है। भूमि 'बिग बॉस कन्नड़' की प्रतियोगी भी रह चुकी हैं। निर्देशक प्रशांत ने 'महाकाली' के बारे में अपडेट देते हुए बताया है कि इसकी कहानी बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में की जा रही है। फिल्म का स्क्रीनप्ले और कहानी, यह दोनों काम प्रशांत ने खुद किए हैं। बताया जाता है कि 'महाकाली' को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में डब किया जाएगा। भूमि और अक्षय के अलावा, इस फिल्म के अन्य किरदारों और रिलीज तारीख का खुलासा होना बाकी है।

## हॉलीवुड मसाला



# लोगों के दिमाग में मचा दी खलबली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों के साथ आजकल कोरियन फिल्में भी ओटीटी पर ट्रेंड कर रही हैं और लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं। वहीं आज हम आपको साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'द विच' के बारे में बताने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी ने कई लोगों को चौंका दिया था क्योंकि कोरियन फिल्में अक्सर रोमांस पर आधारित होती थीं। मगर इस एक थ्रिलर फिल्म ने सभी को गलत साबित कर दिया था। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर एंजॉय कर सकते हैं।



# 'द कॉन्ज्यूरिंग' में डर की दहशत से फिर लड़ेंगे एड और लॉरेन वॉरेन

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में डर से दहशत फैला चुकी हॉलीवुड सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'द कॉन्ज्यूरिंग' से जुड़ा ताजा अपडेट आया है, जो भूतिया फिल्मों के दीवानों को उत्साहित कर देगा। वार्नर ब्रदर्स और न्यू लाइन ने मिलकर 'द कॉन्ज्यूरिंग' के प्रीक्वल पर काम शुरू कर दिया है, जिससे साफ है कि कॉन्ज्यूरिंग की दुनिया आपका पीछा अभी नहीं छोड़ेगी। दरअसल, प्रीक्वल के जरिए फिल्म निर्माता प्रसिद्ध पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन के शुरुआती दिनों को फिल्मी पर्दे पर दर्शाना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द कॉन्ज्यूरिंग' का प्रीक्वल बनाने के लिए शॉर्ट फिल्म निर्देशक रॉड्रिग हुआर्ट, इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म के सह-लेखक इयान गोल्डबर्ग प्रीक्वल की कहानी लिखने के लिए वापस आ रहे हैं।



# प्रियंका सिर्फ अपने बारे में सोचती हैं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने दुनियाभर में शोहरत और कामयाबी हासिल की है। अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर वह हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। इस बार वजह कुछ अलग है, क्योंकि प्रियंका के बारे में एक अभिनेत्री ने कुछ ऐसा कह दिया है जिससे पूरे सिनेमा जगत में हलचल मच गई है। ये कोई और नहीं, बल्कि भारतीय मूल की हॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता केसवानी हैं। मुंबई में जन्मीं श्वेता अभिनेत्री होने के अलावा, मॉडल और डांसर हैं, जिन्होंने दुनियाभर में पहचान हासिल की है। उन्हें भारतीय टीवी शो 'बा बहू और बेबी' में देखा गया था। इसके अलावा, श्वेता 'किस देश में निकला होगा चांद', 'कहानी घर घर की' जैसे शो का हिस्सा रही हैं। करीब एक दशक से अभिनेत्री अमेरिका में रह रही हैं और वहीं काम कर रही हैं।



# 'रोई रोई बिनाले' ने रिलीज होते ही तोड़ा रिकॉर्ड

**मुंबई।** जुबीन गर्ग का पिछले महीने 19 सितंबर को सिंगापुर में तैराकी के दौरान निधन हो गया था। इस हादसे के करीब एक महीने बाद गायक की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। उनके चाहने वालों के लिए यह बेहद भावुक कर देने वाला क्षण है। लोग नम आंखों से फिल्म देखते हुए जुबीन को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। 'रोई रोई बिनाले' भारत के 46 शहरों में एक साथ रिलीज हुई है, जिसे 800 स्क्रीन मिली है। जुबीन की फिल्म 'रोई रोई बिनाले' को असम के करीब 80 सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। दिलचस्प बात ये है कि राज्य में पहली बार सुबह 4:25 बजे फिल्म का शो रखा गया है। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। जगीरोड का गणेश टॉकीज और नलबाड़ी के तिहू का गांधी भवन, कई साल से बंद पड़े यह कुछ ऐसे सिनेमा हैं।

## टीवी मसाला



# सलमान खान के 'बिग बॉस 19' में नई नागिन का होगा दीदार

**मुंबई।** एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो 'नागिन 7' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हर कोई जानना चाहता है कि नागमणि की रक्षा की जिम्मेदारी इस बार किस अभिनेत्री को सौंपी गई है। बरहाल, यह इंतजार अब खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने 'नागिन 7' का नया प्रोमो जारी करते हुए बताया है, कि वह कब और कहां नई नागिन के दर्शन कराएंगे। निर्माताओं ने इस खुलासे के लिए सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' को चुना है।

### निर्माताओं ने 'नागिन 7' का प्रोमो किया जारी

'नागिन 7' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर नया प्रोमो वीडियो जारी किया है। इसके साथ कैप्शन दिया, 'खत्म होने वाला है इंतजार, नागिन की पहली झलक देखने हो जाइए तैयार! देखिये नागिन की पहली झलक, बिग बॉस 19 में, 2 नवंबर को रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे रंग बराबर।' काफी समय से चर्चा है कि 'उडारियां' अभिनीत अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी, 'नागिन 7' में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी। इसका खुलासा जल्द हो जाएगा।

### बसीर ने बताई नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह, किया ये खुलासा

'बिग बॉस 19' से बेघर होने के बाद बसीर अली लगातार इंटरव्यू दे रहे हैं। उन्होंने शो के मेकर्स पर आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर शो से बेघर किया गया। इस बीच देखा गया कि बसीर ने अपने साथ बेघर हुईं नेहल चुडासमा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है। दोनों के रोमांटिक एंगल ने सभी का ध्यान खींचा था। खुद सलमान खान दोनों को चिढ़ाते नजर आए थे। अब बसीर ने नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह बताई है। एक इंटरव्यू में, बसीर ने कहा कि वह नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं और उनसे नाराज हैं।



'कुंडली भाग्य' अभिनेता ने कहा, मैंने नेहल की कुछ क्लिप देखी, जहां खुद को मेरा दोस्त बताने के बावजूद, उसने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। जब फरहाना, जो मेरी दोस्त थी, ने मेरे लिए अप्रिय बातें कहीं तो नेहल चुप रही। ये काहे की दोस्ती है? बसीर ने साफ कहा कि वह, नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं। बसीर की मां ने नेहल के साथ उनके लव एंगल पर रूखी प्रतिक्रिया दी थी, इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मेरी मां ने बताया कि उन्हें मेरे और फराहना के पल काफी मनोरंजक लगे, लेकिन जब बात नेहल के साथ मेरे रिश्ते की आई, तो मेरी मां को वह एंगल बहुत नकारात्मक लगा।

# 'द गर्लफ्रेंड' का ट्रेलर सोचने पर मजबूर कर देगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना पिछले काफी समय से फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म की झलकियों ने पहले ही इसे लेकर उत्साह बढ़ा दिया था, वहीं अब इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'थामा' की डरावनी दुनिया के बाद अब रश्मिका दिल के जज्बातों, कशमकश और रिश्तों के उतार-चढ़ाव से जुड़ी एक सोचने पर मजबूर कर देने वाली प्रेम कहानी के साथ पर्दे पर लौट आई हैं।



***एक उलझी हुई प्रेम कहानी*** : फिल्म के ट्रेलर में रश्मिका और उनके हीरो दीक्षित शेट्टी के बीच एक उलझी हुई प्रेम कहानी देखने को मिल रही है। यहां रश्मिका का किरदार एक परेशान करने वाले सवाल से जूझता है कि क्या वो वाकई अपने बॉयफ्रेंड से प्यार करती है या सिर्फ उसके होने के ख्याल से प्यार करती है? कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कभी-कभार हमें इंसान से नहीं, बल्कि उसके साथ जुड़ी कल्पना या एहसास से मोह हो जाता है।

***छा गए रश्मिका और दीक्षित*** : ट्रेलर की शुरुआत में रश्मिका और दीक्षित एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए नजर आते हैं। दोनों के बीच खुशियों भरे पल दिखाए गए हैं, लेकिन थोड़ी देर बाद माहौल बदल जाता है। उनके बीच आपसी मतभेद बढ़ जाते हैं। ट्रेलर के अंत में रश्मिका का किरदार खुद से ये सवाल पूछता है कि क्या ये रिश्ता सच में सही है या वो सिर्फ 'गर्लफ्रेंड' कहलाने के लिए इस रिश्ते में है? रश्मिका और दीक्षित दोनों का अभिनय काबिल-ए-तारीफ है।

***लोगों ने ट्रेलर को दी हरी झंडी*** : 'द गर्लफ्रेंड' में दिखाया जाएगा कि हर प्रेम कहानी परियों की कहानी जैसी नहीं होती। कुछ रिश्ते हकीकत में उतने आसान नहीं होते, जितने फिल्मों में दिखाए जाते हैं।

# 31वें केआईएफएफ में 39 देशों की 215 फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता एक बार फिर सिनेमा के रंगों में रंगने को तैयार है। कला, संस्कृति और भावनाओं की राजधानी कहलाने वाला यह शहर 6 नवंबर से 31वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025) का गवाह बनेगा। आठ दिनों तक चलने वाले इस सिनेमाई उत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धनधान्य स्टेडियम में करेंगी। हर साल की तरह इस बार भी आयोजन भव्य होगा, जिसमें भारतीय सिनेमा के साथ दुनिया भर की उत्कृष्ट फिल्मों की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में इस वर्ष कुल 39 देशों की 215 फिल्मों का प्रदर्शन होगा, जिनमें 185 फीचर फिल्में और 30 लघु फिल्में शामिल हैं।




***इस फिल्म से होगी शुरूआत*** : इसकी शुरूआत 1961 की क्लासिक 'सप्तपदी' से होगी, जिसका निर्देशन अजय कर ने किया था और जिसमें महान अभिनेता उत्तम कुमार व अभिनेत्री सुचित्रा सेन ने अभिनय किया था। अभिनेता परमब्रत चटर्जी और अभिनेत्री व सांसद जून मालिया इस बार मेजबान की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की पत्नी और प्रसिद्ध नृत्यांगना डोना गंगोपाध्याय अपनी विशेष नृत्य प्रस्तुति देंगी।

***18 भारतीय व 30 विदेशी भाषाओं की फिल्में:*** फिल्म महोत्सव में इस बार 18 भारतीय भाषाओं और 30 विदेशी भाषाओं की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कोंकणी, बोरो, तुलु और संथाली जैसी भाषाएं भी शामिल हैं, जिन्हें आमतौर पर बड़े प्लेटफॉर्म पर कम देखा जाता है।

***प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित*** : इस बार महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों की फिल्म प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और सिने अड्डा का भी आयोजन होगा, जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस साल नया नाम दिया है "गाने गाने सिनेमा"। इसमें निर्देशक, अभिनेता और तकनीशियन एक मंच पर बैठकर सिनेमा के भविष्य, बदलाव और रचनात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा करेंगे। इस वर्ष का फिल्म महोत्सव कई दिग्गज कलाकारों और फिल्मकारों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम भी बनेगा।

### 'शोले' की 50वीं वर्षगांठ

महान निर्देशक ऋत्विक घटक, अभिनेता गुरुदत्त, संतोष दत्त, फिल्मकार राज खोसला, संगीतकार सलिल चौधरी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अभिनेता रिचर्ड बर्टन की शताब्दी मनाई जाएगी। वहीं, भारतीय सिनेमा के स्तंभ निर्माता-निर्देशक श्याम बेनेगल, अमेरिकी फिल्मकार डेविड लिंच, अरुण राय, राजा मित्रा और शशि आनंद को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं, रमेश सिप्पी की कालजयी फिल्म 'शोले' की 50वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें फिल्म से जुड़ी दुर्लभ झलकियां और किस्से पेश किए जाएंगे।

### 15 समकालीन फिल्मों का पहला प्रदर्शन

फिल्म महोत्सव में 15 समकालीन विदेशी फिल्मों का पहला प्रदर्शन होगा। इसी के साथ निर्देशक ऋत्विक घटक की कृतियों को समर्पित एक विशेष श्रृंखला भी रखी गई है। इसमें 'अयांत्रिक', 'मेघे ढाका तारा', 'बारी ते पालये', 'कोमल गांधार' और 'तितास एकटी नदीर नाम' जैसी कालजयी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। कोलकाता फिल्म महोत्सव के तहत शहर के 20 स्थलों पर फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। नंदन वन-टू, स्टार थिएटर, अजंता और मेनका हॉल जैसे प्रतिष्ठित सिनेमाघरों में दर्शकों को अलग-अलग भाषाओं में देख सकेंगें।

## शौकीन लोगों को देखने मिलेंगी एक से बढ़कर एक कहानियां

# नवंबर में रिलीज होंगी हॉरर से लेकर वॉर तक शानदार फिल्में

***मुंबई।*** *हर एक महीने के खत्म होने और नए महीने की शुरुआत के साथ लोगों को इस बात का इंतजार रहता है कि बड़े पर्दे पर उनके लिए क्या रिलीज किया जाने वाला है। अक्टूबर का महीना खत्म होने वाला है और जल्द ही नवंबर दस्तक देगा। इस महीने में फिल्म देखने के शौकीनों को एक से बढ़कर एक सरप्राइज मिलने वाले हैं। नवंबर का महीना अपने साथ एंटरटेनमेंट की बहार लेकर आने वाला है। सिनेमाघर में हिंदी भाषा में कुल मिलाकर 17 फिल्में रिलीज होंगी। इसमें बायोपिक ड्रामा से लेकर हॉरर सब कुछ शामिल है। चलिए जान लेते हैं कि नवंबर में आप सिनेमाघर में क्या-क्या देख सकते हैं।*

**वृषभ** : यह मलयालम भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में रिलीज किया जाने वाला है। ये फैंटेसी एक्शन ड्रामा नंदा किशोर के डायरेक्शन में बना है। इसे 6 नवंबर को रिलीज किया जाने वाला है।

**जटाधारा** : एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसमें शिल्पा शिरोडकर और सोनाक्षी सिन्हा जिसे कलाकार नजर आने वाले हैं। तेलुगु और हिंदी में इस फिल्म को 7 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाएगा।

**इक्कीस** : श्री राम राघवन की यह फिल्म एक बायोपिक ड्रामा है। 7 नवंबर को इसे सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है। इस फिल्म में अगस्त्य नंद के साथ धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत नजर आएंगे।

**जस्सी वेड्स जस्सी** : रणवीर शौर्य अपनी इस शानदार फिल्म के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है। इस कॉमेडी ड्रामा को 7 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है।



**2020 दिल्ली** : देवेंद्र मालवीय फिल्म 2020 दिल्ली लेकर आ रहे हैं। ये सीएए प्रोटेस्ट के दौरान की कहानी है। इस दौरान जो दंगे हुए और लोगों का जो नुकसान हुआ उसे अप्रैल में 14 नवंबर को दिखाया जाएगा।

**120 बहादुर** : फरहान अख्तर ने अपनी फिल्म 120 बहादुर को लेकर काफी सुर्खियां बटोरी है। यह एक ऐतिहासिक वॉर पर आधारित कहानी है जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसे 21 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है।

**ये फिल्में भी मचाएंगी धूम** : इन फिल्मों के अलावा सीसु: रोड टू रिवेंज, मस्ती 4, काल त्रिघोरी, हांटेड 3D: घोस्ट ऑफ़ द पास्ट, गुस्ताख इश्क, जूटोपिया 2, तेरे इश्क में जैसी फिल्में रिलीज की जाने वाली है।

**द गर्लफ्रेंड** : इस फिल्म में आपको साउथ की मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की शानदार एक्टिंग देखने को मिलेगी। तमिल, तेलुगू, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में इसे 7 नवंबर को देशभर के सिनेमाघर में रिलीज किया जाएगा।

**हक** : लंबे समय से बड़े-बड़े पजामी गौतम की कोई फिल्म देखने को नहीं मिली है लेकिन अब वह एक बार फिर वापसी करने को तैयार हैं। उन्हें सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में देखा जाने वाला है। यह भी 7 नवंबर को ही रिलीज होगी।

**दे दे प्यार दे 2** : अजय देवगन की फिल्म तो आपने देखी ही होगी अब इसका दूसरा हिस्सा आने वाला है। रकुल प्रीत सिंह के साथ एक बार फिर एक्टर को इस रोमांटिक फिल्म में देखा जाने वाला है। 14 नवंबर को यह सिनेमाघर में रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप



### गौरा-गौरी पूजन और विसर्जन का आयोजन

**बिलाईगढ़।** नगर बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 7, पुराना मंगल बाजार में श्रद्धा और उत्साह के साथ पारंपरिक गौरा गौरी पूजन का आयोजन किया गया। नगरवासी पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे भजन कीर्तन, लोकगीत, डोल नगाड़े और मांदर की थाप पर झूमते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

### खनिज और पुलिस चौकी का भगवान मालिक

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्रदेश का अंतिम ग्राम बडमाल रेंगालपाली में स्थापित खनिज एवं पुलिस चौकी बेकार हैं। बीते दिन अवैध धान आवक को रोकने के लिए लगा बेरियर के पड़ताल में सामने आया कि पुलिस चौकी में जूटमिल थाने का कोई कर्मचारी नहीं था। खनिज चौकी का एक आरक्षक एवं एक सहायक के साथ 5 आबकारी वाले मिले जो कलेक्टर दर पर काम कर रहे हैं। ये लोग सारंगढ क्षेत्र के हैं, जिनकी मॉनिटरिंग आबकारी इंस्पेक्टर द्वारा की जाती है जो कभी कभी यहां आते हैं। सूत्रों के मुताबिक उक्त बार्डर पर एक बड़ी कंपनी चल रही है जहां सुबह शाम काफी भीड़ रहती है। इस बीच कई बार विवाद की स्थिति बनी जहां शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल की जरूरत महसूस की जा रही थी लेकिन चौकी में कोई नहीं रहने से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। इसी तरह आबकारी का भी यही हाल है, यहां सें बेधड़क मादक द्रव्य पार हो रहा है।

### स्टेशन गांजा कांड पर सीबीआई जांच की मांग

**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे स्टेशन पर 117 किलो गांजा बरामद होने के बाद भी किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी न होने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने नाराजगी जताई है। यह घटना रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गम्भीर प्रश्नचिह्न लगाती है। दस दिनों के भीतर दो बड़े गांजा खेपों की बरामदगी यह संकेत देती है कि स्टेशन परिसर में संगठित तस्करी नेटवर्क सक्रिय है। पार्टी ने आरोप लगाया कि 24 घंटे बीतने के बाद भी न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई न किसी बुकी या कर्मचारी की भूमिका स्पष्ट की गई जो बड़े रैकेट की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### मुंडाजोर हाथी के हमले से बुजुर्ग की मौत

**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला से सटे ग्रामीण इलाकों में हाथी मानव संघर्ष लगातार भयावह रूप लेता जा रहा है। लाठीकटा थाना अंतर्गत मुंडाजोर पंचायत में एक बार फिर हाथी के हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई। मृतक की पहचान रूपन समासी 63 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात देर में रूपन समासी पर एक अकेले दंतेल हाथी ने हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां आज सुबह उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि 26 सितंबर को भी इसी क्षेत्र में हाथी के हमले में एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई थी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वही दंतैल हाथी अब फिर से क्षेत्र में आतंक मचा रहा है।

### पुलिस ने किया अवैध पटाखा जब्त

**राउरकेला।** दीपावली समाप्त हो जाने के बाद भी कुछ लोग अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखे अपने घरों में संग्रहित कर रखे हैं। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए बंडामुंडा थाना पुलिस ने डीजल कॉलोनी स्थित रेलवे मार्केट क्षेत्र में छापेमारी कर एक घर से तीन क्विंटल से अधिक अवैध पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस ने इस मामले में चिन्ना पात्र नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार आरोपी त्योहारों के मौसम में इन पटाखों की अवैध बिक्री करने की योजना बना रहा था। पुलिस का कहना है कि ऐसे विस्फोटक पदार्थों का घर में भंडारण अत्यंत खतरनाक है और इसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### किराया जमा करने निगम बना रहा है दबाव, चार दुकानें सील, कई बार हो चुका है हादसा

# चार साल पहले जर्जर जेल कॉम्प्लेक्स को डिसमेंटल की दी थी रिपोर्ट, अब तक न टूटा, न कार्रवाई बढ़ी आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जेल कॉम्प्लेक्स पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। कंसल्टिंग एजेंसी ने इसे डिसमेंटल करने का रिपोर्ट दिया था, लेकिन अब तक न तो तोड़ा गया है और न ही कोई कार्रवाई आगे बढ़ी। हालात यह है कि यह कॉम्पलेक्स कब टूट कर गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। दूसरी ओर यहां के दुकानदारों को नगर निगम किराया के लिए अब दबाव बनाने लगा है। साथ ही चार दुकानों को सील भी किया गया है। यह दुकानें नीचे में संचालित है। उपर तो पूरी तरह से जर्जर है।

**खास बातें**

- अभी प्रपोजल भेजने की सामने आ रही है बात

जेल कॉम्प्लेक्स की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। निर्माण के कुछ साल बाद से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगा था। वर्तमान में यहां दुकानों का छत गिरने लगा है। प्रथम तल में पूरा छज्जा गिर जाने से खुला आसमान नजर आ रहा है और यहां चलने तक की जगह नहीं है। निगम प्रशासन ने सुविधा के नाम पर दुकानदारों के लिए कोई व्यवस्था भी नहीं की है। दुकानदारों के लिए यहां पानी पीने तक की व्यवस्था नहीं है और कॉम्प्लेक्स में शौचालय भी नहीं बनाया गया है। कई दुकानदार तो ऐसे हैं, जिन्होंने यहां की अव्यवस्था को देखते हुए आवंटन के बाद से ही दुकान नहीं खोली है। इधर दुकानों का किराया जमा नहीं करने से निगम सख्ती बरत रहा है। कुछ दिनों पहले ही नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने वाले यहां की चार दुकानों को सील किया गया है।



जेल कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार के लिए शासन को प्रपोजल बना कर भेजा गया है, अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। जैसे ही एप्रुवल मिलता है, उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

बृजेश सिंह क्षत्रिय,
आयुक्त, नगर निगम



#### अव्यवस्था ऐसी कि किराए पर भी नहीं ले रहा कोई

दुकानदारों ने बताया कि इस मार्ग में चलने वाले वाहनों की वजह से दुकानों में धूल की परत जमी रहती है। जिससे दुकानदारों सहित यहां आने वाले ग्राहकों को सांस लेने में भी परेशानी होती है। निगम द्वारा यहां कभी पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता। वहीं कॉम्प्लेक्स में कचरों का ढेर पड़ा रहता है, लेकिन कभी भी निगम से कोई सफाई कर्मचारी यहां साफ-सफाई करने नहीं पहुंचता। कई दुकानदारों ने अपनी दुकान को किराए पर देने के लिए शटर के बाहर पॉम्प्लेट चस्पा करवाया, लेकिन किसी ने आज तक उनसे संपर्क नहीं किया। क्योंकि जर्जर अवस्था और अव्यवस्था के कारण कोई यहा दुकान लेना ही नहीं चाहता।

#### कॉम्पलेक्स को ढहा कर नए सिरे से बनाना होगा

24 जून 2022 को तात्कालीन कमिश्नर ने इस कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार को लेकर भिलाई की राजहंश कंसल्टेंट एंड टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को प्राक्कलन बनाने कहा था। तब कंपनी के वरिष्ठ अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर बताया था कि इस कॉम्प्लेक्स का मरम्मत करना संभव नहीं है। जिससे इस कॉम्प्लेक्स को तोड़ने की सलाह दी थी। ऐसे में निगम द्वारा इस कॉम्प्लेक्स को तोड़कर दोबारा निर्माण करने प्रपोजल शासन को भेजा है। अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली है।

#### जान-माल की किसी को नहीं कोई चिंता

कंपनी द्वारा यह रिपोर्ट निगम को 5 जुलाई 2022 को सौंपा गया था। इस बात को करीब चार साल बीत गया, लेकिन आज पर्यंत तक शहर सरकार यह तय नहीं कर पाई है कि आखिर इस कॉम्प्लेक्स के साथ करना क्या है। किराए पर लेकर चलाने वालों और यहां आने वालों के जान-माल की कोई फिक्र नहीं है। यही कारण है कि इस गंभीर मुद्दे पर अब तक निर्णय नहीं लिया जा सका है।

## समाज विशेष पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

**घरघोड़ा।** भीम आर्मी ने समाज के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कलेक्टर, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। इसके लिए संगठन ज्ञापन सौंपा है।


भीम आर्मी ने अपने ज्ञापन में कहा है कि आपत्तिजनक कथन से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की भावना आहत हुई है। संगठन ने संबंधित व्यक्ति पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। इसे समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश करार दिया है। भीम आर्मी के भरत खंडेल पूर्व ब्लाक अध्यक्ष घरघोड़ा के द्वारा सामूहिक रूप से मांग की है कि अनुसूचित जाति के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रशासन सख्त कदम उठाए। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा, जिला कलेक्टर रायगढ़, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ एवं आगाज थाना घरघोड़ा को प्रेषित किया गया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भीम आर्मी के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संगठन ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों की रक्षा और समानता के अधिकार की सुरक्षा के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी।



### स्व.महेन्द्र साव स्मृति क्रिकेट स्पर्धा का आगाज

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम छिछोर उमरिया में सालों से यहां के सभ्रान्त परिवार से ताल्लुक रखने वाले तथा प्रदेश सचिव संघ के अध्यक्ष रहे स्व महेन्द्र साव के स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता है। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय खेल प्रतिभा को उजागर करना साथ ही आपसी समरसता बनाए रखना है। इसलिए हर साल स्व.महेन्द्र साव के परिवार जन इसका आयोजन कराते हैं। स्व. महेन्द्र साव की पत्नी रामेश्वरी साव बीते पंचायत निर्वाचन में छिछोर उमरिया के सरपंच निर्वाचित हुई है। ज्ञात हो कि आगामी 7 से 16 नवम्बर तक यहां क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन होगा।



## कई वार्डों के खंभे में बल्ब नहीं, साफ पानी के लिए भी तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 5 के 7 खम्हों में बल्ब नहीं लगा है। नगर के अन्य कई वार्डे के खंभों में भी इसी तरह की समस्या है। पुसौर के जनजागरण मंच द्वारा पुसौर नगर पंचायत को गरीब नगर पंचायत की संज्ञा दी जा रही है। पुसौर की जनसंख्या के आधार पर उपलब्ध नलकुप व पानी टंकी 5 गुना है, इसके बाद भी साफ पानी नहीं मिल पा रही है।

बताया जाता है कि स्वच्छ पेय जल के लिए नगर पंचायत में कुछ साल पहले वाटर एटीएम लगाया गया था, जिसकी लागत लगभग 9 लाख रुपए थी जो मुश्किल से 2 साल ही चला उसके बाद खराब हो गया। उसके भुगतान को लेकर अब दो ठेकेदारों के बीच विवाद भी चल रहा है। वर्तमान समय में वाटर एटीएम की उपयोगिता को देखते हुए कंसेरा भवन के पास भी एक वाटर एटीएम स्थापित करने की कवायद की गई थी जो चलने से पहले ही बंद हो गई। ऐसे में सेवा सुविधा और विकास का दुहाई देने वाला नगरी निकाय केवल कागजों तक ही समित है धरातल में नहीं। अब नगरवासी नगर पंचायत के स्थापना से अब तक विकास कार्यो की जांच कराने की मांग कर रहे हैं। चूंकि निकाय प्रकाश कर, मकान कर, जल कर जमा नहीं होने पर व्याज सहित पैसा लेती है।




## रजत जयंती के अवसर पर सैकड़ों हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



**कोसीर।** रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को पीएम आवास के सैकड़ों हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सारंगढ़ विलाईगढ़ जिले के हितग्राहियों को चाबी सौंपी गई। प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह आयोजन उत्सव की तरह मनाया गया। कोसीर, सिघनपुर, बटाउपाली, भाठागाव, सिलियारी, कपिस्दा सहित सभी ग्राम पंचायत में काफी उत्साह नजर आया। वही ग्राम पंचायत सिघनपुर के सरपंच ममता हिजया आनंद ने पूरी उत्साह के साथ अगुवाई करते हुए गरीब परिवार को गृह प्रवेश करा कर गरीबों का सपना साकार किया।

## प्रकाश पर्व पर नगर में निकली गुरु सिंह सभा की शोभायात्रा

**राउरकेला।** सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को राउरकेला में गुरु सिंह सभा की ओर से एक भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा दोपहर रेलवे स्टेशन के निकट गुरु नानक स्कूल परिसर से प्रारंभ हुई और मधुसूदन मार्ग, रिंग रोड, उदितनगर अंबेडकर चौक होते हुए मुख्य मार्ग से गुजरकर पुनः रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारा में संपन्न हुई।

इस शोभायात्रा में गुरुनानक खालसा स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, गुरु तेग बहादुर स्कूल के बच्चो के साथ स्कूल के स्काउट गाइड्स के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। शोभायात्रा के अग्रभाग में पंच परमेश्वर के रूप में सिख समाज के पांच श्रद्धालु पवित्र झंडा लेकर चल रहे थे। उनके आगे सिख समुदाय के पुरुष व महिलाएं मार्ग को झाड़ू लगाकर साफ करते हुए और फूल बरसाते हुए चल रहे थे। गुरु ग्रंथ साहिब का पवित्र स्वरूप सजाए गए विशेष टेलर पर विराजमान था, जहां श्रद्धालु नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। शोभायात्रा में युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक खेलों एवं गता कला प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।



## शासकीय योजनाओं का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नगर बिलाईगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कला जत्था द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत नाटक और लोकनृत्य के जरिए शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 आंगनवाड़ी केंद्र के पास आयोजित प्रस्तुति में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक से संबंधित योजनाओं एवं अन्य जनहितकारी योजनाओं के लाभों की जानकारी दी गई। कला जत्था के कलाकारों ने मनोरंजक और शिक्षाप्रद शैली में संदेश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुँचना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति उत्साहजनक रही।



## डीएवी पब्लिक स्कूल में मना छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में छत्तीसगढ़ का 25 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर में विद्यालय में ऋग्वेद सदन द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत से किया गया एवं छत्तीसगढ़ के गठन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी संक्षिप्त में दी गई। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ की नृत्य सुवा, पंथी, छत्तीसगढ़ के मुख्य पर्यटन स्थल दंतेश्वरी मंदिर, भोरमदेव चित्रकोट जलप्रपात यहां की प्रमुख खनिज कोयला, चूना पत्थर, बाक्साइट, लौह यहां के प्रमुख जनजाति के संस्कृति, रहन सहन की जानकारी दी गई। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ की पारम्परिक वेशभूषा में उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा छत्तीसगढ़ राज्य अपने आप में विविध कला संस्कृति को समेटे हुए है हमें अपने राज्य पर गर्व होना चाहिए एवं इसे आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।



